<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 28.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के 50वें स्थापना दिवस पर चार हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शुभारंभ, पर्यटकों से सिक्किम आने का किया आह्वान।
2. सांसद संजय सेठ ने रांची–लोहरदगा सवारी गाड़ी में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की शिकायतों पर लिया संज्ञान, रेल सुरक्षा अधिकारियों को सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश।
3. हाईकोर्ट ने वन भूमि घोटाला मामले में आईएएस विनय चौबे की जमानत याचिका की खारिज।
4. हजारीबाग के मोरांगी, पौता में हुए ट्रिपल मर्डर को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी सख्त, दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई का दिया निर्देश।
5. रांची के मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे जिला अस्मिता लीग में बरियातू बालिका हॉकी प्रशिक्षण केंद्र ने 4–0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में बनाई जगह।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के 50वें स्थापना दिवस समारोह के मौके पर पालजोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में करीब 4 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए छह क्रिकेट अकादमियों की घोषणा भी की। प्रधानमंत्री ने सिक्किम को "पूर्व का स्वर्ग" बताते हुए पर्यटकों से यहां आने का आह्वान किया और राज्य की स्वच्छता की सराहना की।

********************

रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने रांची–लोहरदगा सवारी गाड़ी में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और बदसलूकी की लगातार मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लिया है। उन्होंने रेल सुरक्षा अधिकारियों से बात कर त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए महिला यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। साथ ही महिला बोगियों में आरपीएफ की महिला जवानों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि महिलाएं सुरक्षित यात्रा कर सकें।

********************

हजारीबाग के मोरांगी, पौता में हुए ट्रिपल मर्डर को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने घटना को गंभीर और मानवता को शर्मसार करने वाला बताया है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि दोषियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उन्हें कानून के कठघरे में लाया जाए और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

********************

गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने भारतीय जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए नागरिकों से स्व–गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

उन्होंने कहा कि स्व–गणना एक सरल और सुरक्षित ऑनलाइन प्रक्रिया है, जिसके जरिए लोग अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

********************

हाईकोर्ट ने हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले के आरोपी आईएएस विनय चौबे की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में आरोपी विनय चौबे के खिलाफ हजारीबाग एसीबी मामला दर्ज किया है। आरोप है कि विनय चौबे हजारीबाग में डीसी पद पर रहने के दौरान वन विभाग की भूमि के पांच प्लॉटों की अवैध तरीके से जमाबंदी की थी।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने 54 पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण को नियम विरुद्ध मानते हुए रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की एकल पीठ ने आदेश निरस्त करते हुए सभी कर्मियों को धनबाद जिला बल में वापस योगदान देने का निर्देश दिया है।

इस फैसले का झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने स्वागत किया है और भविष्य में स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी करने की मांग की है।

********************

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण की वोटिंग कल होने वाली है। इससे पूर्व राजनीतिक पार्टियों के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्त मनोज पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रचार का असर बंगाल के चुनाव परिणाम में दिखेगा।

वहीं भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत का दावा किया है–

********************

झारखंड में 329 नए असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति होने जा रही है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से अनुशंसित अभ्यर्थियों को मई के पहले सप्ताह में नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इन अभ्यर्थियों की अनुशंसा दिसंबर 2025 में की गई थी और जिला स्तर पर काउंसिलिंग के बाद सभी प्रमाणपत्र वैध पाए गए हैं।

********************

धनबाद के तोपचांची प्रखंड के नेरो पंचायत में उपायुक्त आदित्य रंजन ने संध्या चौपाल में भाग लिया और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पशुपालन और मत्स्य पालन के जरिए ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाने की बात कही––

********************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–</u>

- गुमला जिले के घाघरा प्रखंड मुख्यालय में एक सोना व्यापारी से लूट की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात अपराधियों ने व्यापारी को घर लौटने के दौरान बीच रास्ते में रोककर हवाई फायरिंग की करीब एक करोड़ मूल्य के जेवरात लूटकर फरार हो गए।
- धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में कल देर रात एक सड़क हादसे में दंपती की मौत हो गई, जबकि उनका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा जीटी रोड काशीटांड़ के पास हुआ, जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।
- राजधानी रांची के रातू थाना में दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार जिस नंबर से कॉल आई है, उसकी जांच की जा रही है।

********************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 116 अंक लुढ़ककर 77 हजार 188, जबकि निफ्टी 12 अंक फिसलकर 24 हजार 81 पर था।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 40 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 54 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जिला अस्मिता लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ सदर अनुमंडलीय पदाधिकारी कुमार रजत ने किया।

इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, बॉक्सिंग और कबड्डी समेत विभिन्न खेलों में करीब 400 बालिका खिलाड़ी भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच में बरियातू बालिका हॉकी प्रशिक्षण केंद्र ने भारतीय खेल प्राधिकरण सेंटर रांची को 4–0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

*****************